पंजाब केसरी 10/03/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में स्कॉलरशिप इंटरव्यू आयोजित

विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने का उत्साह प्रदान करती है स्कॉलरशिप : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 9 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में सोमवार को कॉलेज में स्कॉलरशिप इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कॉलरशिप समिति की संयोजिका डा. पिंकी गुप्ता के नेतृत्व में समिति के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा अन्य गतिविधियों में उनके प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार लिए गए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य स्कॉलरशिपस के चयन को पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्य विद्यार्थियों तक सुनिश्चित करना था।

विद्यार्थियों के इंटरव्यू लेती स्कॉलरशिप समिति की संयोजिका डा. पिंकी गुप्ता व समिति के अन्य सदस्य। (चंद्रमोहन)

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि कॉलेज सदैव विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती हैं तथा उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ने का उत्साह प्रदान करती हैं।

संयोजक डा. पिंकी गुप्ता ने बताया कि स्कॉलरशिप का चयन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलों एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में प्रदर्शन तथा आर्थिक आवश्यकता को ध्यान में रखकर किया जाता है। इसके अतिरिक्त कॉलेज द्वारा एन.सी.सी., एन.एस.एस. और वाई.आर.सी. जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाती हैं, ताकि उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सेवा की भावना को सम्मान और प्रोत्साहन मिल सके। स्कॉलरशिप इंटरव्यू के सफल आयोजन में स्कॉलरशिप समिति के सदस्य डा. सुरेन्द्र कुमार, डा. भारती विज, श्याम रहेजा तथा अंजू धीमान का विशेष योगदान रहा।